# Hindi Murli Quiz 11-06-2015

.

*Q.1)* **Q. निम्नलिखित दो रिक्त स्थानों को एक ही शब्द से भरें --**
**“मीठे बच्चे, ----- के सुखों के लिए तुम्हें ------ की नॉलेज मिलती है, तुम फिर से राजयोग की शिक्षा से राजाई ले रहे हो"**

*Q.2)* **Q. इस ईश्वरीय कुटुम्ब की सभी निराली / अनोखी बातों का चयन करें --**

A. इस ईश्वरीय कुटुम्ब में कोई एक रोज का बच्चा है, कोई 8 रोज का।
B. सभी बच्चे पढ़ रहे हैं।
C. बाप ही टीचर बनकर अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं।
D. आत्मा पढ़ती है और कहती है बाबा।
E. बाबा फिर बच्चों को 84 जन्मों की कहानी सुनाते हैं।

*Q.3)* **Q.शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं---**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | जो भी वृक्ष हैं वह सब जड़ होते हैं। | 1 | गांधी को बापू कहते हैं परन्तु वह हैं देहधारी। |
| B | सतयुग में भाषा भी अलग होती है। | 2 | हद की नॉलेज से काग विष्टा समान सुख मिलता है। |
| C | यह है बेहद की नॉलेज, जिससे बेहद का सुख होता है, | 3 | लेकिन बच्चों को अपना शरीर है, इसलिए बाप का अलौकिक जन्म कहा जाता है। |
| D | ज्ञान का सागर बाप निराकार है और बच्चे आत्मायें भी निराकार हैं, | 4 | वहाँ कोई संस्कृत नहीं है। संस्कृत तो यहाँ है। |
| E | कोई भी मनुष्यात्मा को ईश्वर या बाबा नहीं कह सकते। | 5 | मनुष्य सृष्टिरुपी वृक्ष है चैतन्य, इनको कहा जाता है कल्पवृक्ष। |

*Q.4)* **Q. पहले-पहले तो समझाना यह है कि दो बाप हैं। एक लौकिक और दूसरा ---------। बड़ा तो जरूर -------- बाप हो गया, जिसको भगवान कहा जाता है। तुम ही जानते हो कि अभी हमको --------- बाप मिला है, और किसी को पता नहीं।**
**[निम्नलिखित विकल्पों में से एक शब्द से सभी तीनों रिक्त स्थान भरें]**

A. पारलौकिक
B. अलौकिक
C. अव्यक्त
D. ,फ़रिश्ता

*Q.5)* **Q. “बाप कहते हैं कल्प-कल्प तुम अबलायें मातायें ही पुकारती हो--बाबा हमको नंगन होने से बचाओ। बाप कहते हैं ------ के सिवाए और कोई रास्ता नहीं। ------ से ही बल आता जायेगा। माया बलवान की ताकत कम होती जायेगी। फिर तुम छूट जायेंगे। ------ से ही विकर्म विनाश होंगे। अपने को आत्मा समझ बाप को ------ करना है।”**
**[निम्नलिखित विकल्पों में से एक शब्द से उपरोक्त सभी चारों रिक्त स्थान भरें]**

A. याद
B. ज्ञान
C. सेवा
D. धारणा

*Q.6)* **Q. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को एक ही शब्द से भरें --**
**“बच्चा अक्सर करके बाप को याद करता है क्योंकि ------- मिलता है। अभी तुम आत्मायें तो सब बच्चे हो। तुमको ------मिलता है बाप से। आत्मा को बाप से -------मिलता है, याद करने से। देह-अभिमानी होंगे तो ------पाने में मुश्किलात होगी।”**

*Q.7)* **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ----**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | तुम काल पर विजय पाते हो। | 1 | तुम योग में इतना रहते हो कि माया के तूफान तुम्हें हिला नहीं सकते। |
| B | तुम बच्चे ही ऊंच से ऊंच फिर नींच बनते हो। | 2 | डबल सिरताज राव और फिर बिल्कुल ही रंक। |
| C | तुम सच्चे-सच्चे महावीर हनूमान हो क्योंकि, | 3 | वहाँ कभी अकाले मृत्यु होती नहीं, नाम ही है स्वर्ग। |
| D | बाप सब बातें समझाते हैं, इसमें कोई संशय नहीं आना चाहिए। | 4 | संशय माना माया का तूफान। |
| E | बाप को कहा जाता है पतित-पावन, ज्ञान का सागर, | 5 | पतितों को पावन बनाते और 84 के चक्र का ज्ञान सुनाते हैं। |

*Q.8)* **Q. सही वाक्यों का चयन करें ---**

- **A.** जो अक्लमंद बच्चे हैं वह सहज ही सब बातों को समझकर दूसरों को पढ़ाने लग पड़ेंगे ।
- **B.** ड्रामा अनुसार राजाई स्थापन होने तक लड़ाई लग नहीं सकती, क्योंकि अभी हम भी तैयारी कर रहे हैं और वैज्ञानिक भी ।
- **C.** विश्व में परमपिता परमात्मा पवित्रता-सुख-शान्ति स्थापन कर रहे हैं। जो बच्चे बहुत मदद करेंगे वह विजय माला के दाने बन जाते।
- **D.** तुम घरबार छोड़ बाप के आकर बने। एकदम भट्टी में आकर पड़े। सब कुछ सरेन्डर कर दिया, इसलिए बाप ने सबके नाम रखे ।
- **E.** दृढ़ संकल्प की बेल्ट बांध लो तो सीट से अपसेट नहीं होंगे।

*Q.9)* **Q.आज की धारणा पर आधारित इस प्रश्न में केवल सही वाक्य ही चयन करें ---**

- **A.** किसी भी बात में संशय बुद्धि नहीं बनना है ।
- **B.** माया के तूफानों को महावीर बन पार करना है ।
- **C.** ऐसा योग में रहो जो माया का तूफान हिला न सके।
- **D.** अपनी जीवन ईश्वरीय सेवा में लगानी है तो अक्लमंद नही बनना है ।
- **E.** सच्चा-सच्चा रूहानी सोशल वर्कर बन रूहानी पढ़ाई पढ़नी और पढ़ानी है।

*Q.10)* **Q. आज के वरदान अनुसार विश्व-कल्याणकारी आत्माओं की विशेषताएं चयन करें -----**

- **A.** यदि कोई कुछ रांग कर रहा है तो उस आत्मा को परवश समझ रहम की दृष्टि से परिवर्तन करेंगे ।
- **B.** अगर कोई पत्थर से रूक जाता है तो उसको साथी बनाकर पार ले जायेंगे।
- **C.** हर आत्मा की विशेषता को देखेंगे और उसकी कमियों को छोड़ते जाएंगे ।
- **D.** मन्सा शुभ भावना द्वारा एक दूसरे के सहयोगी बनकर आगे बढ़ेंगे और बढ़ाएंगे ।